an>

Title: Need to expedite the construction of 730 A road, connecting to NH-24 in Dhauraha Parliamentary Constituency.

श्रीमती रेखा वर्मा (धौरहरा) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदय, हमारी लोक सभा धौरहरा में कई महीनों से एक नेशनल हाइवे 24 से जुड़ी 730ए रोड है, जिसका जीर्णोद्धार अति धीमी गति से हो रहा है। सारी रोड टूटी हुई है। कई जगह पर गहरे गड्ढे हैं, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मैंने मंत्रालय को इस संबंध में कई लेटर लिखे हैं।

अतः आप के माध्यम से मैं मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इस 730ए मैगलगंज-औरंगाबाद-मोहम्मदी होते हुए पीलीभीत की रोड को जल्द बनवाने का कÂष्ट करें।